भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1265**
उत्तर देने की तारीख-08/12/2025

**मध्याहन भोजन योजना**

†1265. **श्री एंटो एन्टोनी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मध्याहन भोजन योजना शुरू करने के संबंध में कोई अनुरोध/अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को इस संबंध में केरल राज्य सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;
(घ) क्या सरकार की देश में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मध्याहन भोजन योजना शुरू करने की कोई योजना है; और
(ङ) यदि हाँ, तो इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ङ): प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के साथ साझेदारी में कार्यान्वित एक सबसे महत्वपूर्ण अधिकार आधारित केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके माध्यम से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के बाल वाटिका (कक्षा-I से ठीक पहले) और कक्षा I से VIII में अध्ययनरत सभी बच्चों को एक बार पका हुआ गरम और पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। इस योजना में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 10.35 लाख से अधिक स्कूलों के लगभग 11 करोड़ बच्चे शामिल हैं। पात्र बच्चों को पका हुआ गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने की सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासन की है।

*****